


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** | संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**



वर्ष : 5 | अंक : 02 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 22 अगस्त से 28 अगस्त 2024 — ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

## बुलंद गोंदिया के पांचवें वर्ष में पदार्पण पर शुभचिंतको ने की शुभकामनाओं की बौछार निष्पक्षता व निर्भीकता के साथ प्रति वर्ष बढ़ रहा बुलंद कारवां



**बुलंद गोंदिया**

गोंदिया जिले के हिंदी साप्ताहिक बुलंद गोंदिया15 अगस्त आजादी के पर्व पर अपने चार वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर पांचवें वर्ष में पदार्पण किया। इस अवसर पर बुलंद गोंदिया कार्यालय में पहुंचकर शुभचिंतको ने शुभकामनाओं की बौछार कर प्रगति की ओर अग्रसर होने की शुभकामना की। गोंदिया जिले के हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र बुलंद गोंदिया स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त आजादी के पर्व पर वर्ष 2020 को शुभारंभ होकर निरंतर जिले की खबरों को प्रकाशित कर जिले वासियों को खबरों से निरंतर रूबरू कराते हुए सभी समाचारों को पाठको तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। बुलंद गोंदिया की इन चार वर्षो की सफलता में पाठकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 15 अगस्त 2024 को अपने चार वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर पांचवें वर्ष में पदार्पण के अवसर पर बुलंद गोंदिया कार्यालय में शहर के अनेक गणमान्य वह प्रतिष्ठित नागरिकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों द्वारा स्वयं पहुंचकर व फोन से शुभकामनाएं देकर बुलंद गोंदिया की निरंतर प्रगति की कामना की। उल्लेखनीय की बुलंद गोंदिया समाचार पत्र हिंदी साप्ताहिक के रूप में प्रकाशित हो रहा है, इसके साथ ही वर्तमान समय की आवश्यकता व जरूरत को देखते हुए विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपने पाठकों से निरंतर संपर्क बनाते हुए जिले वह आसपास के क्षेत्र की महत्वपूर्ण खबरों को प्रतिदिन वॉचको तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जिसमें बुलंद गोंदिया पोर्टल में न्यूज प्रकाशन के साथ-साथ ही सोशल मीडिया के मंच व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम एक्स आदि के माध्यम से समाचार उपलब्ध करवा रहे हैं। बुलंद गोंदिया की वर्षगांठ पर शुभकामनाओं देने वालों में रामदेव दरबार पाल चौक के बापजी महेश जी बंग, भूपेंद्र रंगारी तिरोडा, वाम महिला संघटना की पूजा तिवारी, सुभा भारद्वाज, ग्लोबल टेक्निकल के वैभव कटरे ,दीपेश फुंडे ,पत्रकार संजीव बापट, पत्रकार,महेंद्र लिल्हारे, पत्रकार रविंद्र तुरकर, पत्रकार,अनिल मदनकर, दीवान जैन, सुनील मेश्राम, सविता तुरकर, राकेश तुरकर , पत्रकार बबलू महारवाडे ,पत्रकार,नवीन दहिकर,पत्रकार संजय राउत, महेंद्र माने, सुरेश येडे, पत्रकार महेंद्र गजभिए, विवेक हरिनखेड़े,पत्रकार रवि सपाटे,हरीष मोटघरे,हेमंत इरले ,निजिल ठाकुर ,अरमान चौबे, योगेस सोरते ,करण राधेश्याम अग्रवाल, पत्राकार गोपाल अग्रवाल,पत्रकार,मुकेश मिश्रा, बिसेन जी, पत्रकार,विष्णु शर्मा, हेमंत( बबलू)येरने,नरेंद्र सिंड्रामे,राजन चौबे,रविंद्र मिश्रा ,सुरेश टेंभरे ,दुर्गेश गुप्ता ,रमेश भोयर ,राहुल सुलोदिया ,गंगाधर कारडा ,धर्मेश (बेबी )अग्रवाल ,डॉ.ओम बघेले ,डॉ.निशांत करवाड़े ,डॉ.नोव्हिल ब्राम्हणकर,डॉ.संजय येडे, डॉ.राजेंद्र वैदय,डॉ.संजय माहुले,रॉकी नायक ,कुशल लिल्हारे,गर्व अग्रवाल ,संकल्प शुक्ला ,ओम काले ,मयंक नाग , सिंधी जनरल पंचायत युवा समिति के पदाधिकारी में नारी चांदवानी , दिलीप कुंगवानी, रिंकू आसवानी, किशोर ठकरानी, दिनेश खटवानी, सुनील रामानी, आशीष ठकरानी, विनोद नागदेव, विनोद रंगलानी, अरुण दरयानी, अविनाश जयसिंघानी ,सौरभ उधवानी, पवन आहूजा वह भाजपा ओबीसी आघाड़ी के चंद्रभान तरोंने, हनवंतराव शिवनकर, एडवोकेट पराग तिवारी,पत्रकार भरत घासले , पत्रकार चंद्रकांत खंडेलवाल, सचिन सेंडे, चैतन्य सोनछात्रा, योगराज रंहागडाले, भारत क्षत्रीय, सचिन मिश्रा ,हरिकिशन चौधरी, सुरेखा भेडारकर, युवा नेता राकेश ठाकुर, विजयउके, राज शुक्ला, कशिश जायसवाल, अमित बिरिया, गजेंद्र फुंडे ,अखिलेश सेठ, मेकअप आर्टिस्ट धीरा कपूर, धनेंद्र भूरले ,राजेंद्र तिवारी ,सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतकों द्वारा कार्यालय में प्रत्यक्ष पहुंचकर वह अप्रत्यक्ष रूप से व साथ-साथ मोबाइल व्हाट्सएप आदि के माध्यम से बुलंद गोंदिया के प्रधान संपादक अभिषेक चौहान व संपादक नवीन अग्रवाल को बुलंद गोंदिया की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं देकर प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एस.सी- एसटी आरक्षण के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का फैसला फैसले के विरोध में संपूर्ण जिला शत प्रतिशत बंद विभिन्न स्थानों पर छुटपुट घटनाएं- पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था











**बुलंद गोंदिया**-सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एससी एसटी आरक्षण के खिलाफ दिए गए फैसले के विरोध में भारत बंद- गोंदिया बंद का आव्हान विभिन्न संगठनों द्वारा किया गया था जिसके अंतर्गत 21 अगस्त बुधवार को गोंदिया शहर के साथ-साथ संपूर्ण जिला बंद रहा। इस दौरान कुछ छुटपुट घटनाएं घटित हुई तथा पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। उच्च न्यायालय द्वारा एससी एसटी आरक्षण के खिलाफ दिए गए फैसले जिसमें एससी एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर वह वर्गीकरण किया गया है जो संविधान के खिलाफ है। इसका विरोध करने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा 21 अगस्त 2024 को भारत बंद गोंदिया बंद का आवाहन किया गया था जिसमें जिले में बंद को भारी समर्थन मिला वह संपूर्ण शहर के साथ-साथ जिला बंदरहा। बंद आंदोलन समर्थन को द्वारा सुबह 10-00 बजे रैली निकालकर बंद का आवाहन किया गया था। उल्लेखनीय है कि बंद के लिए व्यापारी संगठन, सब्जी विक्रेता संघटन व विभिन्न संगठनों द्वारा स्वैछा से समर्थन दिया गया था। इसके पश्चात डॉ बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष आंदोलनकारी जमा होकर इस फैसले का कड़ा विरोध किया तथा मंच से अनेको वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किये।

शहर में छुटपुट घटनाएं बंद के दौरान राजलक्ष्मी चौक में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दो पहिया वाहन से आकर दोपहर के पश्चात दुकान का शटर खोलने पर दुकान पर पत्थर बाजी वह लाठी बाजी की गई इसके साथ ही नगर परिषद के सामने एक मशरूम विक्रेता के साथ भी हाथापाई की गई। रावणवाडी में रास्ता रोको आंदोलन 8 घंटे यातायात बाधित गोंदिया बालाघाट मार्ग पर आने वाले ग्राम रावणवादी में आंदोलनकरियो द्वारा रास्ता रोको आंदोलन किया गया था जिससे 8 घंटे तक गोंदिया बालाघाट का आवागमन बाधीत रहा तथा इस मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### » आंदोलन स्थाल पर दो पंडाल चर्चा का विषय

भारत बंद आंदोलन के दौरान नई प्रशासकी इमारत डॉ बाबासाहेब आबेडकर प्रतिमा के समक्ष एक और जहां सभी संगठन द्वारा शामिल होकर आंदोलन कर भारत बंद का समर्थन कर संपूर्ण शहर व जिला बंद किया वहीं इस दौरान दो अलग-अलग बंद आंदोलनकारी के पंडाल चर्चा का विषय बन रहे।

गोंदिया में इन संगठनों ने किया था आव्हान अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की ओर से यह भारत बंद का फैसला लिया गया है इसके लिए गोंदिया में डॉ. आंबेडकर सार्वजनिक उत्सव समिति , नेशनल आदिवासी पीपल्स फेडरेशन गोंदिया , ओबीसी संघर्ष कृति समिति गोंदिया , संघर्ष वाहिनी (विमुक्त भटके परिषद ) गोंदिया , युवा सुदर्शन बहुउद्देशीय संस्था गोंदिया , राष्ट्रीय चमत्कार महासंघ गोंदिया , लहुजी साड़वे मातंग समाज गोंदिया , आर टी फाउंडेशन गोंदिया , भारतीय बौद्ध महासभा गोंदिया , समता सैनिक दल गोंदिया , माइनॉरिटी कमेटी की मांग है कि संविधान विरोधी फैसले को तत्काल रद्द करें , अनुसूचित जाति जनजाति का आरक्षण संविधान की नवीं अनुसूची में शामिल किया जाए सरकारी आस्थापना में एससी-एसटी का बैकलॉग अनुशेष भर जाए एवं निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू किया जाए ।जाती निहाय जनगणना की जाए , ओबीसी को क्रीमी लेयर की शर्त रद की जाए। उच्च एवं सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की भर्ती कॉलेजियम सिस्टम रद्द कर न्यायिक आयोग द्वारा परीक्षा लेकर की जाए।

## पिता ने पत्थर से सिर पर वार कर बेटे को उतारा मौत के घाट, देवरी के मुल्ला की घटना



**बुलंद गोंदिया ( संवाददाता देवरी )**-देवरी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुल्ला निवासी आरोपी नारायण मुनेश्वर उम्र 55 वर्ष ने अपने ही बेटे की सिर पर पत्थर से वार कर मौत के घाट उतार दिया उपरोक्त घटना 18 अगस्त को सामने आई मृतक बेटे का नाम हंसराज नारायण मुनेश्वर 32 वर्ष है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवरी तहसील के ग्राम मुल्ला निवासी मृतक हंसराज नारायण मुनेश्वर 32 वर्ष यह शराब के व्यसन का आदी था तथा आए दिन परिवार में विवाद करता रहता था। घटना के पूर्व उसने 17 अगस्त को अपनी पत्नी को उसके मायके ग्राम सालई में भेज दिया था तथा इसके पश्चात शराब के नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचकर माता-पिता से विवाद करने लगा इसी विवाद के दौरान हाथापाई शुरू हो गई तथा आक्रोशित पिता ने बेटे के सिर पर पत्थर से वार किया जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बेटे की मौत होने की जानकारी सामने आते ही आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया तथा इस मामले की जानकारी ग्राम में प्राप्त होते ही हड़कंप मच गया वह ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी देवरी पुलिस को दी।

देवरी पुलिस अपने दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर उप जिला चिकित्सालय में शव विच्छेदन के लिएभेज कर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103,(1) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया। उपरोक्त मामले की जांच उप विभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटील वह पुलिस निरीक्षक प्रवीण डांगे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक मुकुल यादव द्वारा की जा रही है।

## पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर महिला की मौत



**बुलंद गोंदिया। ( संवाददाता अर्जुनी मोरगांव )**- अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम येरंडी देवी निवासी 45 वर्षीय महिला रेवंता घनश्याम तवाडे15 फीट गहरे पानी से भरे गड्ढे में डूब कर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम येरंडी देवी निवासी रेवंता घनश्याम तवाडे उम्र 45 वर्ष यह अपने खेत में कृषि कार्य के लिए गई हुई थी व मृतक महिला का पति जंगल में अपनी बकरियों को चराने गया हुआ था। इसी दौरान महिला खेत के पास के 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर दुब गई जिससे उसकी मौत हो गई ,यह घटना 19 अगस्त को घटित हुई। शाम को जब महिला अपने घर वापस नहीं आई तो पड़ोसियों ने साथ मिलकर उसकी तलाश की लेकिन उसके नहीं मिलने पर वह अपने भाई को राखी बांधने गई होगी ऐसा परिजनों वह पड़ोसियों को ख्याल आया जब उसका पति जंगल से बकरियों को लेकर घर आया तो फिर से उसकी तलाश शुरू की तथा ग्राम चान्ना में जाकर रिश्तेदारों से भी जानकारी ली गई लेकिन रेवंता का पता नहीं चल पाया। तथा वापस आकर फिर से खेत परिसर में तलाश शुरू की लेकिन उसका नहीं पता चल फिर बटाई से ली गई कृषि भूमि के समीप खोदे गए गड्ढे में बास डालकर तलाश किए जाने पर मृतका का दुपट्टा पानी में ऊपर आया। इसके पश्चात चारों तरफ से पानी में बॉस डालकर हिलाया गया तो उसका शव ऊपर आया। इसकी खबर तत्काल अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाने को दी गई इसके पश्चात पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए ग्रामीण चिकित्सालय अर्जुनी मोरगांव भेजा गया तथा उपरोक्त मामले में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर आगे की जांच पुलिस निरीक्षक कमलेश सोनटके के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदारप्रवीण बेहेरे, राहुल सावरकर द्वारा की जा रही है।

## संपादकिय...

# आरक्षण की छद्म राजनीति

आरक्षण पर फर्जी, छद्म, झूठी, अतार्किक कहानियां गढ़ी जा रही हैं। खासकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आरक्षण और उसके आधार संविधान के जरिए मोदी-विरोध की राजनीति कर रही हैं। लोकसभा चुनाव में उनका यह 'हथियार', कमोबेश उप्र और महाराष्ट्र में, कारगर साबित हुआ। राजस्थान में भी भाजपा को कुछ हद तक नुकसान झेलना पड़ा। अब उपचुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी वे इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं। न तो संविधान को खत्म किया जा सकता है और न ही आरक्षण छीना जा सकता है, इसे देश को 'ब्रह्मसत्य' मानना चाहिए। यदि दलित, आदिवासी और ओबीसी के किसी बच्चे को, प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर, आरक्षण की सुविधा न मिले और पहली नौकरी के समय आरक्षण की अनिवार्यता लागू न की जाए, तो वह आरक्षण-विरोध है। उस पर आंदोलित भी होना चाहिए और अदालत का दरवाजा भी खटखटाना चाहिए, लेकिन भारत सरकार जिन शीर्ष पदों पर 'विशेषज्ञों' की सीधी भर्ती करना चाहती है, वे सामान्य आरक्षण के दायरे में नहीं हैं। संयुक्त सचिव 10 और निदेशक/उपसचिव की 35 भर्तियां सरकार करेगी। उसका विज्ञापन भी सार्वजनिक किया गया है। यह कवायद पहली बार नहीं की जा रही है। इस सूची में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का नाम भी है, जिन्हें 'विशेषज्ञ अर्थशास्त्री' के कारण तत्कालीन केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया था। फिर 'योजना आयोग' का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था। 1991 में जब वह केंद्रीय वित्त मंत्री बने, तो वित्त सचिव के पद पर उन्होंने मोंटेक सिंह आहलूवालिया को मांगा था। मोंटेक आईएएस नहीं थे, फिर भी देश के वित्त सचिव बनाए गए। बाद में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार में उन्हें 'योजना आयोग' का उपाध्यक्ष भी बनाया गया। इसी सूची में रघुराम राजन, विमल जालान, नंदन नीलेकणि, सैम पित्रोदा, एनटीपीसी के चेयरमैन रहे पी. कपूर आदि सैकड़ों नाम दर्ज हैं, जिन्हें सरकार ने सीधे ही नौकरशाही के वरिष्ठ पदों पर नियुक्त किया था। ऐसी नौकरियां 1968 से दी जा रही हैं और अधिकतर कांग्रेस सरकारों के दौरान ही दी गई हैं। तब संविधान को खत्म करने और आरक्षण को छीनने के मुद्दे नहीं उठाए गए। अब भी सीधी भर्ती वाले 57 शीर्ष अधिकारी भारत सरकार में कार्यरत हैं। इन भर्तियों से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस आदि के युवा दावेदार कहीं भी प्रभावित नहीं होंगे। यह मुद्दा राहुल गांधी बार-बार उठा रहे हैं। भारत सरकार में जो अधिकारी आज सचिव के पद पर हैं, वे 1990 के दशक में आईएएस बने होंगे। आरक्षण तब लागू हुआ होगा, नतीजतन 3-4 सचिव आज अनुसूचित जाति और जनजाति के भी हैं। इस व्यवस्था में प्रधानमंत्री भी कुछ नहीं कर सकता। संघ लोक सेवा आयोग की अपनी स्वायत्तता है। लोकतंत्र में जनादेश ही अधिकार देता है। जनादेश से जिसकी सत्ता बनी है और प्रधानमंत्री, कैबिनेट आदि तय हुए हैं, तो संविधान उन्हें कुछ विशेषाधिकार भी देता है।

# न्यू बालाजी हॉस्पिटल कांग्रेस डॉक्टर सेल के अध्यक्ष नितेश वाजपेई के हस्ते ध्वजारोहण



**बुलंद गोंदिया।** आजादी के 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर कांग्रेस डॉक्टर सेल के अध्यक्ष डॉ नि झतेश वाजपेई के हस्ते न्यू बालाजी हॉस्पिटल में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से गायिका कमला राठौर को आमंत्रित किया गया था इसके साथ ही विशेष अतिथि एड. योगेश अग्रवाल शहर अध्यक्ष कांग्रेस समिति, जमील खान जगन्नाथ कोरे,अंकेश कुमार गायधने चंद्रकांत लोटेरे, गोपालराव कापसे, शब्बीरभाई खान, नीलू राउत, कमला राठौर, मनीषा बिसेन, अतुल बिसेन, अनीता नागपुर, सविता ठाकरे, अंबिका बाहे, रश्मी राउत आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉक्टर नितेश बाजपेई ने कहा कि हमें 78वें स्वतंत्रता दिवस पर यह भी प्रण लेना होगा कि शहर के अंतिम व्यक्ति तक मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध हो पाए और मेडिकल सुविधा के अभाव में किसी की भी जान नहीं जानी चाहिए तथा न्यू बालाजी अस्पताल सदैव हर प्रकार के लोगों की सेवा के लिए तत्पर हैं। इस अवसर पर आभार न्यू बालाजी अस्पताल की डायरेक्टर कल्याणी बाजपेई ने माना।

# शिकार के लिए तार की बाड़ लगाने वाला गिरफ्तार

## वन परिक्षेत्र वन विभाग की कार्रवाई - देवरी तहसील के चिचेवाड़ा की घटना



**गोंदिया**-कार्यालय उत्तर देवरी अंतर्गत देवरी उपक्षेत्र के चिचेवाड़ा स्थित संरक्षित वन कक्ष क्र. 578 में जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश्य से तार के फांसे लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया. आरोपी का नाम जयलाल सुखराम कोवाची (49) बताया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जब चिचेवाड़ा वन क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें संरक्षित वन कक्ष क्र. 578 में एक खेत के मालिक जयलाल कोवाची को जंगली जानवरों के शिकार के उद्देश्य से जंगल और कृषि क्षेत्रों में तार के फांसे लगाते हुए पाया गया. वन अधिकारियों द्वारा आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 50, 51 के तहत मामला दर्ज किया गया. वन अधिकारियों ने आरोपी के पास से तार के फांसे जब्त किए है. यह कार्रवाई उपवन संरक्षक प्रमोद पंचभाई के मार्गदर्शन में सहायक वन संरक्षक (रोगायो) व वन्यजीव प्रवीण डोंगरवार के नेतृत्व में वनपरिक्षेत्र अधिकारी उत्तर देवरी सचिन धात्रक, क्षेत्र सहायक कुंभरे, कोरे, वनरक्षक भोयर, फुले, सोनवाने, बरगे, अंबादे ने की है.

# महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी ग्रामसेवक को ग्रामीणों ने भरे चौराहे पर सिखाया सबक



**रावणवाड़ी** -एक ग्राम सेवक को गांव के नागरिकों ने सबक सिखाया है। मामला गोंदिया तहसील के नवरगांवकला में सोमवार को प्रकाश में आया। इस मामले से प्रशासकीय अमले में हड़कंप मच गया, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार यह ग्राम सेवक गोंदिया तहसील के नवरगांव में पदस्थ है। संपूर्ण ग्राम पंचायत प्रशासन आंदोलन में शामिल है। आरोप है कि इसी दौरान सोमवार को रात 8 बजे के आसपास गांव की एक महिला के घर में प्रवेश कर ग्राम सेवक ने छेड़खानी की। महिला द्वारा जोर-जोर से चिल्लाने पर घर के सदस्य दौड़े चले आए। उक्त मामला प्रकाश में आते ही गांव के नागरिक एकत्रित हो गए और भरे चौक में ग्राम सेवक की पिटाई कर सबक सिखाया गया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और नागरिकों के कब्जे से ग्राम सेवक को छुड़ाया गया। देर रात तक ग्रामीण पुलिस स्टेशन में नागरिकों द्वारा हंगामा किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। लेकिन इस मामले की शिकायत अब तक नहीं की गई है। संबंधित गांव के सरपंच व ग्राम सेवक की प्रतिक्रिया जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा प्रतिसाद नहीं दिया गया।

**कार्रवाई होना अपेक्षित**

गांव में घटित यह मामला सत्य है। ऐसी हरकत से गांव की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। इससे उक्त व्यक्ति पर तत्काल कार्रवाई होना अपेक्षित है।

**केवल कांबले,**
**अध्यक्ष, विमुस नवरगांव कला**

**सख्त कार्रवाई करें**

महिलाओं की इज्जत न कर छेड़खानी करनेवाले ग्राम सेवक पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस तरह की मांग संपूर्ण ग्रामीण कर रहे हैं।

**भोजराज बावनकर, ग्रामीण**

# 10 जुआरी रंगेहाथ पकड़ाए-2.69 लाख का माल जब्त



**गोंदिया**-अवैध धंधों के खिलाफ प्रभावी छापेमारी अभियान छेड़ते हुए पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ने जिले के सभी थानेदारों को अवैध धंधों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है. जिसके अनुसार स्थानीय अपराध शाखा की टीम जिले में विशेष अभियान चला रही है. इसी बीच मिली जानकारी के आधार पर स्थानीय अपराध शाखा के टीम ने गोरेगांव तहसील के मुंडीपार परिसर में चल रहे जुआ अड्डे पर छापा मारकर 10 आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा. छापे के दौरान आरोपियों के पास से 19 हजार 500 रु. नकद, 59 हजार 150 रु. कीमत के 8 मोबाइल, 1 लाख 90 हजार रु. कीमत के तीन मोटरसाइकिल, 660 रु. की सामग्री ऐसे कुल 2 लाख 69 हजार 310 रु. माल जब्त किया. आरोपियों का नाम मुंडीपार निवासी प्रवीणकुमार पटले (34), सुजय मजुमदार (45), घुमर्रा निवासी डिलनसिंग समन्से (36), भडंगा निवासी विकास चव्हाण (35), मुंडीपार निवासी उमेश राऊत (33), संतोष टेंभेकर (43), पालेवाड़ा निवासी अमित डोये (41), मुंडीपार निवासी संतोष चौधरी (23), घुमर्रा निवासी देवानंद वाकले (36), पालेवाड़ा निवासी कमलेश डहारे (28) बताया गया है. आरोपियों के खिलाफ गोरेगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है. यह कार्रवाई वरिष्ठों के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक शरद सैदाने, हवलदार विठ्ठल ठाकरे, तुलसी लुटे, सिपाही संतोष केदार, अजय रहांगडाले, हंसराज भांडारकर, दुर्गेश पाटिल, घनश्याम कुंभलवार ने की है.

# सेंधमारी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**गोंदिया**-कन्हारटोली निवासी रविंद्र पांडुरंग सुरसाऊत (40) परिवार के साथ बाहर गांव गया था. इसी बीच अज्ञात आरोपियों ने उसके घर का ताला तोड़कर अलमारी से 54 रु. कीमत के आभूषण चुरा लिए. फिर्यादी की शिकायत पर रामनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया था. वरिष्ठों के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे के मार्गदर्शन में डी. बी. टीम अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही थी. इसी बीच मिली जानकारी के आधार पर संदिग्ध आरोपी मलपुरी, तिरोड़ा निवासी रितिक उर्फ दद्दू प्रदीप वासनिक (22) को हिरासत में लिया गया. गहनता से पूछताछ करने पर उसके खैरलांजी रोड़, गौतम बुद्ध वार्ड, तिरोड़ा निवासी हर्ष उर्फ एक्का महेंद्र रामटेके (23) के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबुल की. आरोपियों के पास से कुल 45 हजार रु. के आभूषण जब्त किए गए. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर, पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे के मार्गदर्शन में हवलदार सुनीलसिंह चव्हाण, छत्रपाल फुलबांधे, राजेश भगत, कपिल नागपुरे, उमेश भानारकर, संदीप घरोटे ने की है.

# क्षयरोग नियंत्रण में जिला राज्य में अव्वल



**गोंदिया**-राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान अंतर्गत राज्य के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में गोंदिया जिले ने क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को बीते 8 माह से प्रभावी रूप से चलाकर राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त किया है. राज्य के सभी जिलों की केंद्र सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार क्षयरोग कार्यक्रम में किए गए काम के का अध्ययन कर रैंकिंग की जा रही है. जिसमें राज्य में गोंदिया जिले ने प्रथम क्रमांक प्राप्त किया है. इस उपलब्धि पर जिलाधीश प्रशासन ने क्षयरोग विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान पर उनका पुलिस मुख्यालय में पालकमंत्री धर्मरावबाबा आत्राम के हस्ते सत्कार किया गया. जिला क्षयरोग अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार, चिकित्सा अधिकारी डा. वेदप्रकाश चौरागड़े व डा. देव चांदेवार के साथ ही पीपीएम समन्वयक प्रज्ञा कांबले को प्रमाणपत्र व सम्मान चिह्न देकर सत्कार किया गया. इस अवसर पर जिलाधीश प्रजीत नायर, जिप सीईओ मुरुगानंथम, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितीन वानखेड़े, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंदकुमार वाघमारे, कुष्ठरोग विभाग की डा. भाग्यश्री गावंडे सहित कर्मचारी, शालेय विद्यार्थी, पुलिस आदि उपस्थित थे.

# 30 को एक साथ 4 मेमू स्पेशल ट्रेन रद्द



**गोंदिया**-मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत वर्धा-बल्लारशाह रेल खंड पर नई गुड्स लूप लाइन तथा अप लाइन पर नई शंटिंग नेक से संबंधित कार्यों के चलते बल्लारशाह स्टेशन पर प्री व नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है. इस कार्य के कारण बल्लारशाह-गोंदिया रेल खंड पर 30 अगस्त को 4 मेमू स्पेशल ट्रेनें रद्द रहेंगी. 30 अगस्त को 08881/08882 बल्लारशाह चांदाफोर्ट-बल्लारशाह, 08801/08802 बल्लारशाह-गोंदिया-बल्लारशाह, 08803/08804 बल्लारशाह गोंदिया-बल्लारशाह, 07819/ 07820 बल्लारशाह-गोंदिया- बल्लारशाह मेमू स्पेशल ट्रेनें रद्द रहेंगी.मध्य रेलवे के अंतर्गत दुसरी रेल लाइन निर्माण कार्य के परिणामस्वरूप वाठार पलासी रेल खंड पर प्री/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 22 अगस्त को गोंदिया से प्रस्थान करने वाली 11040 गोंदिया- कोल्हापुर एक्सप्रेस कोल्हापुर स्टेशन के बदले पुणे स्टेशन पर समाप्त होगी तथा 23 अगस्त को कोल्हापुर से प्रस्थान करने वाली 11039 कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस कोल्हापुर स्टेशन के बजाए पुणे स्टेशन से प्रस्थान करेगी.

# आदिवासी समाज के प्रमुख व्यक्तियों का किया सत्कार



**सड़क अर्जुनी**-विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के विविध प्रमुख व्यक्तियों सत्कार समारोह आशीर्वाद सभागृह लॉन में आयोजित हुआ. उद्घाटन भाजपा आदिवासी आघाडी के प्रदेश महासचिव तथा गोंडवाना विद्यापीठ के सिनेट सदस्य डा. प्रकाश गेडाम के हस्ते, पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले की अध्यक्षता में हुआ. पूर्व विधायक डा. नामदेव उसेंडी, भाजपा आदिवासी आघाडी के जिलाध्यक्ष हनवंत वट्टी, भरत मडावी, लक्ष्मीकांत धनगाये, डा. लक्ष्मण भगत, संगीता खोब्रागडे, प्रीती कतलाम, भुमेश्वर पटले, कविता रंगारी, निशा तोडासे, चंद्रकला सकार समारोह डोंगरवार, विश्वनाथ रहांगडाले, अशोक लांजे, चेतन वडगाये, सपना नाईक, रमेश पंधरे, शशीकला ताराम, दीपाली मेश्राम, गिरीधर हत्तीमारे, ओंकार टेंभुर्णे, रंजना भोई, प्रतिभा भंडारकर, तुकाराम राणे, प्रल्हाद वरठे, खेमराज भेंडारकर, तुलाराम येरणे, शिशिर येडे, हितेश डोंगरे, सुभाष कुलमेथे, ललित डोंगरवार, देविदास कोवे आदि उपस्थित थे.

# जलभराव के कारण फैली गंदगी से स्वास्थ्य खतरे में



**आमगावं**-शहर में खाली प्लाटों में जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है. जिससे लोगों का स्वास्थ्य भी खतरे में पड़ गया है. नगर परिषद प्रशासन को इस समस्या की ओर ध्यान देना जरूरी बन गया है. मच्छरों के प्रकोप से नागरिकों को बचाने के लिए आवश्यक कदम एठाए जाए, ऐसी मांग शहरवासी कर रहे हैं. आमगांव शहर में बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप से लोगों में डेंगू बीमारी का डर दिखाई दे रहा हैं. क्योंकि बारिश आने के कारण जगह-जगह पर पानी के कारण जलभराव, कीचड़ हो रहा है. नालियां जाम हो रही है. जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है. इन मच्छरों के कारण डेंगू सदृश बीमारी के लक्षण कई मरीजों में दिख रहे हैं. ऐसे हालात में शहर में सफाई करने की मांग शहर के नागरिकों की ओर से की जा रही है. आमगांव शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र में सिरदर्द, तेज बुखार, बदन दर्द इस बीमारी के लक्षण के मरीज बढ़ गए है. बदलते मौसम के कारण बढ़ रही बीमारियों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद प्रशासन की ओर आवश्यक कदम नहीं उठाए गए है, ऐसा लोगों का कहना है. मौसम के बदलाव के साथ ही शहर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है. इस कारण बीमारियां बढ़ने लगी है. स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में मरीजों का ग्राफ बढ़ गया है. इनमें खासतौर पर मलेरिया और वायरल बीमारी के मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे है. इसके बावजूद कोई कारगर उपाय नहीं हो रहे हैं. शहर में . शहर में मच्छरनाशक दवा का छिड़काव करना आवश्यक हो गया है. इतना ही नहीं सफाई की समुचित व्यवस्था भी आवश्यक हो गई है. यत बाह और है कि मच्छररोधी क्वायल के साथ मच्छरदानी लगाकर लोग बचाव कर ले रहे है, लेकिन झुग्गी झोपड़ी व स्लम एरिया के साथ फुटपाथी गरीबों के पास कोई व्यवस्था नहीं रहने से उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है. मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण बीमार पड़ने का सिलसिला आरंभ हो गया है. नगर परिषद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग तुरंत उपाय योजना करें, ऐसी मांग नागरिकों की ओर से हो रही है.

# शहर में कचरा सड़ने से फैल रही भारी गंदगी बढ़ रहा मच्छरों व मक्खियों का प्रकोप



गोंदिया-शहर के अनेक बिजली ट्रांसफार्मरों के पास कचरा पड़ा हुआ पाया जाता है जो अभी बारिश के मौसम में सड़ जाने से बदबू फैल रही है. जिससे आवागमन करने वालों को नाक दबाकर चलना पड़ता है. ऐसा ही नजारा बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित बिजली के ट्रांसफार्मरों के नीचे देखा जा सकता है. उल्लेखनीय है कि ऐसे अनेक वार्डों में स्थित ट्रांसफार्मरों के पास ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी. उसी तरह शहर के आवासों के पीछे की गलियों की नालियां गंदगी से पटी नजर जा रही है जहां काफी मात्रा में कचरा व मलबा जमा होने से बदबू फैल रही है. इस तरह के नजारे शहर के कुछेक वार्डों की गलियों में देखे जा सकते है.जहां अक्सर नालियों के गंदे पानी की निकासी नही होती वहीं किसी परिसर में यह पानी मार्गों पर आ जाता है. इसे ध्यान में रखते हुए नालियों से मलबा तो निकाला जाता है लेकिन उसे उठाएं नही जाने से सुअर व श्वान बिखरा देते है और फिर वह पुन: नाली में समा जाता है. शहर के कई ऐसे क्षेत्र है जहां सफाई नहीं हो पाती और यदि सफाई भी की जाती है तो बाद में स्थिति जस की तस बन जाती है. अस्वच्छता की वजह से गोंदिया नगर के नागरिक खासे परेशान नजर आ रहे हैं. शहर में मच्छर व मक्खियों का प्रकोप बढ़ते ही जा रहा है. इन पर नियंत्रण पाने के लिए नगर परिषद द्वारा उपाय योजना तो की जा रही हैं. लेकिन वह सब फेल ही साबित हो रहे हैं. शहर में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव न के बराबर हो रहा है. शहर हो या गांव, आज हर कोई गंदगी व मच्छरों की वजह से परेशान नजर आ रहा है. कुछ ग्रामों में नियोजन करते हुए नालियों की सफाई, गंदगी को उठाने जैसे प्रयास तो किए गए, लेकिन वह भी फेल ही हुए है. शहर में आवश्यकता के अनुसार दवा का छिड़काव नहीं होने के कारण मच्छरों व मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है. इस ओर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने की मांग जागरूक नागरिकों ने की है

## जिले में शिक्षकों के बंद अतिरिक्त मकान भाड़ा भत्ता टैब पूर्ववत शुरू करने के लिए शिक्षण समिति ने पालक मंत्री को दिया निवेदन



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले के शिक्षकों के अतिरिक्त मकान भाड़ा व टैब पुणे शिक्षण संचनालय द्वारा बंद किया गया है, जिसे पूर्ववत शुरू करने के लिए महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षण समिति गोंदिया जिला द्वारा पालक मंत्री धर्मराव बाबा आत्राम को निवेदन देकर शुरू करने की मांग की। शिक्षा अधिकारी जिला परिषद गोंदिया द्वारा 2 अगस्त 2024 को शिक्षण संचनालय पुणे को पत्र भेज कर जिले के शिक्षकों के लिए मार्च 2024 से अतिरिक्त घर भाड़ा भत्ता वह शालार्थ वेतन प्रणाली बंद किया गया है जिसे पूर्ववत उपलब्ध कर देने के लिए पत्र लिखकर मांग की है। जिसकी भी जानकारी पालक मंत्री को दी तथा बंद किए गए भत्तों का लाभ शुरू करने का निवेदन किया। जिस पर पालक मंत्री द्वारा पुणे के शिक्षण संचालक से चर्चा कर गोंदिया जिले में बंद किए गए अतिरिक्त घर भाड़ा भत्ता वह टैब शुरू करने की जानकारी लेकर उसे पूर्ण रूप से शुरू करने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया। इस अवसर पर विभागीय अध्यक्ष तथा गोंदिया जिला प्राथमिक शिक्षा पर सरकारी संस्था के अध्यक्ष किशोर डोंगरवार ,संदीप मेश्राम महासचिव ,राजेंद्र बोपचे, संचालक व अमोल पाटिल मूंगमोड़े उपस्थित थे।

## राष्ट्रवादी कार्यालय में ध्वजारोहण सांसद प्रफुल्ल पटेल के हस्ते कर संविधान सभा के प्रस्तावना का सामूहिक पठन




**बुलंद गोंदिया।** आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस कार्यालय रेलटोली गोंदिया में ध्वजारोहण सांसद प्रफुल्ल पटेल केहस्ते संपन्न हुआ। उसके पश्चात संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पठन किया गया इस अवसर पर सांसद पटेल द्वारा स्वतंत्रता दिवस की सभी हार्दिक सुभकामना दी। भारत को गुलामी की बेडियो से मुक्त कराने व स्वतंत्र करवाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता वीरों को नमन कर भारतीय संविधान की आत्मा प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा संविधान का पालन कैसे करने तथा देश के संवैधानिक मूल्य व स्वतंत्रता, समता बंधुत्व व सामाजिक न्याय शिव, साहू, फुले, अंबेडकर के कार्यों को घर तक घर-घर तक पहुंचाने का कार्य राष्ट्रवादी कांग्रेस करती आ रही है तथा भविष्य में भी करती रहेंगी इस प्रकार का संबोधन सांसद पटेल द्वारा इस अवसर पर किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का नियोजन व संचालन पूर्व विधायक राजेंद्र जैन द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर भारतीय सेना की सेवा से सेवा निवृत पूर्व सैनिको का सांसद प्रफुल्ल पटेल द्वारा साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया ,इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक पक्ष के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नंगपुरा मुर्री के उपसरपंच पद पर योगेश शरणागत निर्विरोध निर्वाचित



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर से लगी ग्राम पंचायत नागपुर मुर्री के उपसरपंच पद पर योगेश शरणागत निर्विरोध निर्वाचित हुए उपसरपंच पद का चुनाव 16 अगस्त को ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच कविता माधवराव लिचडे की अध्यक्षता में उपस्थिति में संपन्न हुए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर (बालू)लिचडे, प्रकाश रहमतकर , नवीन, रणधीर सहारे, रवि बोमचेर, ओमप्रकाश पारधी , उमेश पारधी, प्रवीण आसटकर, वह ग्राम पंचायत सदस्य लीना पारधी, संगीता पालन पालांदुरकर के नेतृत्व में संपन्न हुए। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी के रूप में वर्मा व ग्राम विकास अधिकारी पीसी मेश्राम उपस्थित थे। साथ ही कर्मचारियों में धर्मेंद्र टेंभेकर, शिपाई ताराचंद, आरती पारधी व शुभम लिचडे, श्यामलाल शरणागत, घनश्याम शरणागत आदि ग्राम के नागरिक उपस्थित थे।

## 100 फुट तिरंगा रैली में भारत माता के जय घोष से गूंज उठा तिरोडा शहर

**बुलंद गोंदिया।( भूपेंद्र रंगारी तिरोड़ा )-** आजादी के पर्व में पहली बार तिरोडा शहर में नगर परिषद द्वारा 100 फुट के तिरंगे के साथ तिरंगा रैली का आयोजन किया गया रैली ने शहर का संपूर्ण भ्रमण किया जिसमें शहर भारत माता के जय घोष से गूंज उठा। आजादी के पर्व स्वतंत्रता के 78वें दिवस के अवसर पर नगर परिषद के मुख्याधिकारी राहुल परिहार के नेतृत्व में 100 फुट तिरंगे का निर्माण कर तिरंग रैली का आयोजन किया गया। उपरोक्त रैली में शहर के सभी पूर्व पार्षद गणमान्य नागरिक, नगर परिषद कर्मचारी, नगर परिषद द्वारा संचालित स्कूलों के विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षिका तथा बड़ी संख्या में शहर के नागरिक शामिल थे। 100 फुट के तिरंगे के साथ डीजे ढोल तासो की गूंज के साथ भारत माता की जय के जय घोष से गूंज उठा। तिरंगा रैली का शुभारंभ महात्मा गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा को माल्या अर्पण कर किया गया।





इसके पूर्व नगर परिषद प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया इस रैली को देखने के लिए तिरोडा शहर के साथ-साथ आसपास के नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## गोंदिया शहर के विविध स्थानों पर ध्वजारोहण पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते संपन्न

**बुलंद गोंदिया।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते गोंदिया शहर में विविध स्थानो पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। गोंदिया शहर में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते जिला मध्यवर्ती सह.बैंक मुख्यालय, शितला माता चौक सिविल लाईन्स, सावराटोली सुरज चौक. दसखोली बजाज वॉर्ड चौक. बजरंग नगर, गौरी नगर. श्रीमती आनंदीदेवी गोपीलाल अग्रवाल प्राथमिक शाला फुलचुर, रेल्वे वार्ड (काली मंदिर के पास), जमनालालजी बजाज प्रतिमा चौक, झेंडा चौक, न्यु लक्ष्मी नगर. अयोध्या नगर, रिंग रोड मजार के पास, फनीन्द्रनाथ चौक, एन.एम.डी. कॉलेज के सामने, टी.बी.टोली पेट्रोल पम्प के पास, लर्निंग झोन, लायब्ररी में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र जैन ने स्वतंत्रता दिवस पर समस्त नागरिको को बधाई दी व प्रगती एवं उन्नती की ओर देश अग्रसर रहे यह कामना की द्य सांसद श्री प्रफुल पटेल जी के नेतृत्व मे शहर के विकास के लिये सदैव कटिबद्ध रहेंगे यह प्रतिपादन राजेंद्र जैन ने अपने संबोधन में कहा द्य ध्वजारोहण कार्यक्रम मे बहुसंख्या मे गणमान्य नागरीक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। ध्वजारोहण कार्यक्रम मे राजेंद्र जैन, मुदलियार, अशोक सहारे, मनोहर वालदे, राजू एन जैन, माधुरी नासरे, कुंदा दोनोडे, विनीत सहारे, सतीश देशमुख, शिव शर्मा, दिनेश अग्रवाल, घनश्याम दरवे, सौरभ जैसवाल, जिम्मी गुप्ता, मोहन पटले,जयंत कछवाह, राजेश दवे, मनोज जोशी, सुरेश अग्रवाल, गोपाल हर्ष मार्केटिंग, महेश करियार, अनुज जैसवाल, योगेश दरवे, हरबक्ष गुरुनानी, प्रवीण बैस, सि पी गोपलानी, झलकसिंग बिसेन, संजीव बापट, गणेश डोये, दीपक कनोजे, अशोक दर्वे, सितारामजी राधेश्यामजी अग्रवाल, प्रकाशचंदजी कोठारी, वेदप्रकाशजी गोयल, राजेशजी अग्रवाल, सुरेशजी लोहिया, मुकेशजी काशलीवालजी, श्रीनिवासजी मुंदडा, सुशील सिंघानिया (सी.ए), असोकजी शर्मा, शैलेश अग्रवाल, अजय खंडेलवाल, अमित खंडेलवाल, प्रकाशचंदजी खंजाची, अमितजी लेकरिया, अशोकजी लेकरिया, श्रीरामजी लेकरिया, रवीजी कांसलीवाल, दिनेशजी जयपुरिया, अंचल अग्रवाल, रमाकांतजी अग्रवाल, अजय शामका,



अभिषेक अग्रवाल, पंकजजी शर्मा, पंकज अग्रवाल, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, लव माटे, द्वारकाताई सावंत, संगीता माटे, रुचिता चौहान, कपिल बावनथड़े, आर्यन जैन, हर्ष जैन, लखन बहेलिया, आकाश नागपुरे, राजेंद्र बिसेन, हेमंत जायसवाल, जीतेन्द्र जायसवाल, उदय गजघाट, माने सर, मनोज भोयर, भरत बहेलिया, सहित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे बहुसंख्या मे गणमान्य नागरीक, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गोंदिया वूमेन सेफ्टी संगठन ने पीड़ा की लेखनी से निर्मित राखी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भेंट कर कोलकाता महिला डॉक्टर हत्याकांड का किया निषेध

**बुलंद गोंदिया।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक युवा महिला डॉक्टर के साथ हत्या व रेप की घटना से संपूर्ण देश में आक्रोश निर्माण हो गया है। जिसका डॉक्टर वह महिला संगठनों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है रक्षाबंधन के दिन गोंदिया की वूमेन सेफ्टी संगठन द्वारा पीड़ा की लेखनी से निर्मित राखी पुलिस जिलाधिकारी वह पुलिस अधीक्षक को भेंट की जिसमें महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न स्लोगन थे इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं द्वारा काले कपड़े पहनकर इस घटना का विरोध किया तथा आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग की। गौरतलब है कि भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की बड़ी-बड़ी बातें हो रही है लेकिन अब भी महिलाओं पर अत्याचार कम नहीं हो रहे हैं, इसी प्रकार का एक मामला पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 9 अगस्त को सामने आया है। जिसमें एक युवा महिला डॉक्टर की हत्या व रेप का जघन्य अपराध किया गया जिसका संपूर्ण देश में कड़ा विरोध हो रहा है तथा आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की जा रही है। ऐसे आरोपियों को जो महिलाओं के टुकड़े करने में कसाई की भूमिका निभा रहे हैं उन्हें भी टुकड़ों में काटा जाए ऐसी मांग महिला संगठनों द्वारा की जा रही है तथा विकृत मानसिकता पर लगाम लगाकर महिलाओं को सम्मान दें ,यदि अब महिलाओं को सम्मान नहीं मिला वह सुरक्षा नहीं मिली तो वह अपनी सुरक्षा का इंतजाम खुद कर इतिहास रचेंगी। इसी को लेकर 19 अगस्त रक्षाबंधन के पर्व पर गोंदिया की वूमेन सेफ्टी महिला संगठन द्वारा महिला सुरक्षा जन





जागृति अभियान चलाते हुए जिलाधिकारी प्रजीत नायर वह पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे को अपनी पीड़ा की लेखनी से द्वारा निर्मित राखी भेंट की। जिसमें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के खिलाफ विभिन्न स्लोगन लिखे हुए थे साथ ही इतिहास के पन्ने फिर ना दोहराएंगे हथियार उठाओ द्रोपती अब कृष्णा ना आएंगे जैसे स्लोगन भी इस राखी के माध्यम से लिखकर एक कड़ा विरोध जताया गया है। उल्लेखनीय है कि गोंदिया शहर में भी मेडिकल कॉलेज व छात्रावास है जहां पर बाहर से आकर पढ़ने वाली लड़कियां सुरक्षित रहे तथा अपराधियों पर कड़ी लगाम लगाई जाए तथा महिलाएं सुरक्षित रहे ऐसी मांग की गई जिसके लिए आज विभिन्न महिला सामाजिक संगठनो द्वारा एकजुट होकर काले कपड़े पहनकर यह विरोध व्यक्त किया गया है, जिसमें शहर की महिला डॉक्टर वह स्वास्थ्य सेविका भी बड़ी संख्या में शामिल होकर इसका विरोध किया जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. लता जैन , डॉ.अलका बाहेकर , डॉ. निर्मला जयपुरिया डॉ. प्रणिता चिटनविस ,डॉ.स्मिता आचार्य ,डॉ. शिल्पा मेश्राम ,डॉ.कविता भगत डॉ.कंचन भोयर, डॉ. गार्गी बाहेकर ,डॉ मयूरी पटले, डॉ. यामिनी येलने, डा. श्वेतल माहूले, डॉ. मीना वाटी ,डॉ.सुशांकि कापसे, डॉ. पूजा कोठारी ,डॉ. सुवर्णालता उपाध्याय, डॉ.शैफाली जैन ,डॉ. जूली जैन , डॉ. हर्षा कानतोड़े डॉ. स्नेहा शर्मा, डॉ. रश्मि पारधी सामाजिक क्षेत्र से श्रीमती दीप्ति मिश्रा, श्रीमती शर्मिला पॉल, श्रीमती सविता तुरकर ,श्रीमती निशी होरा ,श्रीमती डॉ माधुरी नासरे श्रीमती भावना कदम, श्रीमती मैथिली पुरोहित, श्रीमती शीतल राहगडाले, श्रीमती कंचन ठकरानी ,कुमारी पूजा तिवारी , श्रीमती मीनू दीवानीवाल,कुमारी शालिनी डोंगरे, श्रीमती सीमा खंडेलवाल ,श्रीमती योजना कोतवाल ,श्रीमती दिव्या पारधी, श्रीमती कल्पना चौहान, वैशाली खोबरागड़े, श्रीमती रुचिता चौहान , श्रीमती संगीता माटे, श्रीमती मंगला साबू, श्रीमती संगीता घोष, श्रीमती मनीषा होरा श्रीमती मंजू कटरे, श्रीमती लता बाजपेई, इंजीनियर कुमारी शिखा पीपलेवार,श्रीमती पूजा ठकरानी, श्रीमती कोकिला चौहान ,श्रीमती गायत्री चौहान, एड.सुनीता जैन एवं नर्स बहनों का भी सहयोग रहा जैसे कुमारी अश्विनी भोयर, कुमारी दीप्ति वासनिक, कुमारी भूमि, जयपुरिया नर्सिंग होम की नर्स आदि बहनों का सहयोग रहा।

## भगवान श्रीकृष्ण के योगेश्वर स्वरुप से शहरवासियों का हुआ साक्षात्कार



**बुलंद गोंदिया** -शहर के जलाराम लॉन में दिल्ली गाजियाबाद के आध्यात्म एवं ज्योतिष गुरु पवन सिन्हा गुरुजी के पावन चिंतन धारा आश्रम के सांस्कृतिक प्रकल्प परिवर्तन की ओर से नाट्य प्रस्तुति श्रीकृष्ण का आयोजन किया गया, जिसमें आश्रम के कलाकारों ने नाटक के मंचन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के योगेश्वर स्वरुप से परिचय कराया। गौरतलब है कि श्री कृष्ण जिन्हें हम भगवान मानते हैं, उन्हे दिन रात पूजते भी हैं, परंतु क्या हम भगवान कृष्ण के सही स्वरूप को जानते हैं? क्या हम उनके द्वारा दी गई शिक्षा को समझते हैं? इन सवालों से प्रेरणा लेकर कलाकारों ने डॉ. पवन सिन्हा %गुरुजी% के मार्गदर्शन में यह नाटक तैयार किया। दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ और अमृतसर में सफल आयोजन के बाद राजस्थान में पहली बार इस नाटक का मंचन हुआ। दर्शकों ने न सिर्फ श्री कृष्णा के योगेश्वर स्वरूप से साक्षात्कार किया बल्कि मानव जीवन की सफलता का मंत्र भी आत्मसात किए। इस दौरान दर्शकों को भारतीय ज्ञान शोध संस्थान की निदेशिका एवं आदरणीय गुरु माँ डॉ. कविता अस्थाना का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

नाटक अन्याय से त्रस्त, अधर्म को देख धर्म से विमुख होते और भगवान से शिकायतें रखने वाले आधुनिक युवाओं की जिज्ञासाओं से शुरू होता है। ऐसे युवा नारद मुनि % के मार्गदर्शन में भगवान श्री कृष्ण से संसार के कल्याण के लिए प्रश्न करते हैं। कर्म क्या है, अन्याय क्यों होता है? मनुष्य को कष्ट क्यों होता है? क्या भगवान को भी कष्ट सहना पड़ा? विद्याथी कैसे मन को एकाग्र करें? इन सभी सवालों का हल दर्शकों को नाटक में मिलता है। स्वयं कृष्ण भगवान की

योगेश्वर छवि मंच पर साकार होती है। कृष्ण की लीलाओं का बखान किया जाता है लेकिन स्वयं कृष्ण को कितने दुख उठाने पड़े और जो संघर्ष उन्होंने किया उसके विषय में बात नहीं की जाती है। श्री कृष्ण ने नाटक में दर्शाया कि मनुष्य अपने कर्मों की पूर्ति के लिए इस संसार में आता है। मनुष्य को सद्मार्ग पर चलकर इन कर्मों की पूर्ति करनी चाहिए। मनुष्य में स्वयं ईश्वर का लघु रूप है इसलिए जब तक वह ईश्वर में आस्था रखेगा और बुरे कर्मों से दूर रहेगा उसे प्रभु यानी कृष्ण की कृपा प्राप्त होती रहेगी। नाटक के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि आत्मा अजर अमर है जो लिबास की तरह शरीर को बदलती है। कृष्ण निराकार भी है और साकार भी जिनका सर्वशक्तिशाली अस्तित्व हर युग में रहा है और रहेगा।

नाटक में अभिषेक शर्मा ने कृष्ण, श्रेयांश त्रिपाठी ने बलराम, देवव्रत शर्मा ने नारद, प्रेशा रावत ने वृद्ध महिला का किरदार - निभाया। वहीं अन्वी राणा और सुहानी प्रताप सिंह ने जिज्ञासु युवा का किरदार निभाया। बच्चों और युवाओं के शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं चारित्रिक विकास के लिए में समर्पित संस्थान पावन चिंतन धारा आश्रम का एक सांस्कृतिक प्रकल्प %वर्तन% जिसका उद्देश्य नाटक, नृत्य, संगीत आदि के माध्यम से संस्कृति के सही स्वरूप को की जनमानस तक पहुँचाना है। जिसके भी संस्थापक स्वयं परमपूज्य डॉ. पवन सिन्हा प्ली %गुरुजी% हैं। गोंदिया में ये आयोजन प्रतीक कदम- दीपक कदम परिवार ने किया।

## आपदा जन जागृति मैराथन प्रोग्रेसिव स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बुलंद गोंदिया।** जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा आपदा जन जागृति के लिए राज्य स्तरीय अभियान के अंतर्गत मिनी मैराथन आयोजित की गई थी, जिसमें उमाबाई बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था गोंदिया द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव ग्रुप आफ स्कूल के विद्यार्थियों ने शामिल होकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रावीण्यता सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। जिसमें प्रोग्रेसिव इंग्लिश स्कूल की कुमारी ईशा मरस्कोल्हे ने तृतीय वह कुमारी आसानी हीने चतुर्थ क्रमांक प्राप्त किया। सफल विद्यार्थियों को जिलाधिकारी प्रजीत नायर, जिला क्रीड़ा अधिकारी नंदा खुरपुडे, क्रीडा अधिकारी अनीराम मरस्कोल्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रोग्रेसिव ग्रुप आफ स्कूल के संस्थापक डॉक्टर पंकज कटकवार व डॉक्टर नीरज कटकवार ,प्राचार्य श्रीमती कुमुदिनी तवाडे, ओटी



रहांगडाले ने सभी सफल विद्यार्थियों व क्रीडा शिक्षक ज्योति पहिरे, हेमा नायडू, सोमेश्वर टांडेकर, मेघा पांडे, इंदल लिल्हारे, पियूष बोरसारे, प्राची मोदेकर, पायल गजभिए को को बधाई दी।

# भाई -बहन के अटूट बंधन को निभाते हुए विधायक विनोद अग्रवाल को सैकड़ो लाडली बहनों ने बांधी राखी



**बुलंद गोंदिया** ।गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल ने हाल ही में महाराष्ट्र सरकार के अंतरिम बजट में मध्यप्रदेश के तर्ज पर महाराष्ट्र की भी लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ मिले ऐसी मांग राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार से की थी. जिसपर राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री अजित दादा पवार ने बजट में घोषणा भी की। जिसके तहत महाराष्ट्र में यह योजना प्रभावी रूप से लागू की गई. साथ ही महाराष्ट्र में सबसे अधिक गोंदिया जिले में आवेदन किया गया और सर्वाधिक मंजूर आवेदन भी गोंदिया के हुए और सभी विधानसभा में गोंदिया विधानसभा आगे है. राखी के पूर्व राज्य के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने लाडली बहना के खाते में पैसे देने का वादा किया था. जिसके तहत लाडली बहनाओ के खाते में पैसे आना शुरू भी हो चुके है। महिलाओं के खाते में पैसे जमा होने पर वह अपने लाडले भाई और गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल का आभार व्यक्त करने के लिए कार्यालय में पहुँचने लगे है और भाई बहन के अटूट बंधन को निभाते हुए रक्षाबंधन बांधकर भाई की रक्षा करने का संकल्प लेकर राखियाँ बांध रहे है।

विशेषत- लाडली बहनो का यह प्रेम विधायक के प्रति स्मरणीय और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाता है. इस अवसर पर सभी लाडली बहनों का विधायक विनोद अग्रवाल ने अभिनंदन किया और सभी पात्र लाड़ली बहनाओ को आश्वस्त भी किया कि सभी के खाते में पैसे दिए जाएंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया में विभिन्न स्थानो पर किया ध्वजारोहण

## शासकीय इंजीनियरिंग और एग्रीकल्चर कॉलेज शुरू कर सवारंगे युवाओं का भविष्य स्थानीक नेताओं की सरपरसती में शासकीय धान खरेदी केन्द्र संचालकों द्वारा धान लेकर गायब होना दुभाग्यपुर्ण -पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल




**बुलंद गोंदिया** ।15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगाठ के अवसर पर गोंदिया शहर में, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते कटंगी सुभाष चौक, मरारटोली टी पाईंट चौक, जयस्तंभ चौक, मारवाडी स्कुल, राजस्थान कन्या विद्यालय, फुलचुरनाका चौक, जयस्तंभ चौक यातायात पोलिस थाने के सामने, साकेत पब्लिक स्कुल, छोटा गौरीगनर, श्रीराम चौक सर्कस ग्राऊंड, मदिना मस्जिद चौक गौतम नगर, बसंतनगर, गड्डाटोली, रामनगर बाजार चौक एवंम गेडाम पेन्टर चौक में ध्वजारोहण हुआ। इस शुभ अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने स्वतंत्रता आंदोलन के वीर सपुतों को अपनी श्रध्दांजली-आंदरांजली अर्पित करते हुए कहा कि, भारत को आजाद कराने में इस देश के लाखों वीर सपुतों ने अपने जान का बलिदान दिया, वहीं लाखों ने अपने जीवन का स्वर्णिम काल अंग्रेजों की जेल में गुजारने के बाद भी देश के आजादी आंदोलन को जीवंत रखा उन सभी वीर सपुतों के प्रती आज के इस अवसर पर हम कृतज्ञता व्यक्त करते है। उन्होंने आगे कहा कि, भारत केवल देश या एक जमीन का तुकडा भर नही है, इसे हिन्दुस्तानीयों ने माँ का दर्जा दिया है। भारत माँ की रक्षा और हर भारतीय का आर्थिक, सामाजिक विकास हम सभी की प्राथमिकता है। भारत कृषि प्रधान देश है और देश के 70त्न आबादी आज भी खेती से जुडी है, इसीलिए देश के आर्थिक, सामाजिक विकास के लिये एक ओर जहां खेती को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, वहीं युवाओं को रोजगारोन्मुख शिक्षण देकर हम देश के भविष्य को ओर बेहतर बनाना चाहते है। इसीलिये हमने गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में जहां रजेगावं-काटी, तेढवा-शिवनी उपसा सिंचन योजनाओं का निर्माण कराकर हर खेत तक पानी पहुँचाने का काम किया, वहीं शासकीय मेडीकल, पॉलीटेक्नीक, हरू- तहरूनर्सिंग कॉलेज की स्थापना कराकर युवाओं को न्युनतम खर्च में रोजगारोमुख शिक्षण देने की शुरूवात इस गोंदिया जिले में की। भविष्य में नागरीकों का आशिर्वाद और समर्थन से निश्चित रूप से हम गोंदिया में शासकीय इंजीनियरिंग और एग्रीकल्चर कॉलेज शुरू कर युवाओं के भविष्य को सवारने का काम करेंगे, जो सही मायनों में अज्ञानता-गरीबी से देश की आजादी होंगी

उन्होंने आगे कहा की, विकास की इस रफतार में गोंदिया विधानसभा क्षेत्र को भी आगे रखने का हर संभव प्रयत्न हमने किया है। छात्रों को अंग्रेजी शिक्षण मिले इस हेतु मुरीं में पहली से 10 वीं तक भव्य कॉन्वेंट स्कुल व वस्तीगृह स्थापित करा दिया, लेकिन यह देखकर बहुत खेद होता है कि आज विधानसभा चुनाव के बाद गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को पुन: भ्रष्टाचार और लाचारी की जंग लगने लगी है। विगत पांच वर्षों में कोई भी सकारात्मक विकास कार्य नहीं हुए। शासकीय धान खरेदी संस्था के संचालक आमदार की सरपरसती में किसानों का धान लेकर गायब हो रहे और किसानों को अपने ही धान के भुगतान के लिये आंदोलन करना पड रहा है। हमने हमेशा अच्छी नियत से काम किया और यहीं हमारी देश के सच्चे और अच्छे नागरीक के प्रती जिम्मेदारी है, जिसका हमेशा निर्वाह करते रहेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, पुर्व पं.स.सभापती प्रकाश रहमतकर, तालुका भाजपा अध्यक्ष धनलाल , शेखर पटेल, पुर्व न.प. उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले, भावनाताई कदम, सुनिल केलनका, गोल्डी गांवडे, अमित झा,दिपक कदम, जयंत शुक्ला, योगराज रहांगडाले, जिला मजुर संघ अध्यक्ष सचिन (बंटी) मिश्रा, अजय गौर, मनोज पटनायक, राजेश चौरसिया, पुर्व पार्षद व्यंकट पाथरु, सिताराम अग्रवाल, श्यामका सर, गोविंद अग्रवाल, दिलीप गोपलानी,सुध्दोन सहारे, कुणाल बिसेन (कुडवा), राजकुमार नोतानी, पुर्व पार्षद गुड्डु कारडा, नरेन्द्र चांदवानी, मनोहर आसवानी सहीत बडी संख्या में

# जहरीली गैस से मृतकों के परिजनों को उपविभागीय अधिकारी ने दिया 14 लाख का धनादेश




बुलंद गोंदिया। (भूपेंद्र रंगारी तिरोड़ा)- तिरोडा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सरांडी में कुछ महा पूर्व कुएं में मोटर पंप को सुधारने के लिए उतरे चार लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आकर मौत हो गई थी। जिसमें मृतक खेमराज साठवणे, महेंद्र राऊत , प्रकाश भोगाड़े, सचिन भोगाड़े का समावेश था। इन सभी मृतकों के परिजनों को स्वतंत्रता दिवस पर उपविभागीय तिरोडा पूजा गायकवाढ व तहसीलदार कोकडे के हस्ते 14 लाख रुपए की सहायता राशि का धनादेश परिवार के सदस्यों को पूर्व सैनिक संतोष शुक्ला महेंद्र भंडारकर महेंद्र नंदागवली की उपस्थिति में दिया गया।

# 47 हजार की चोरी

**गोंदिया** -रामनगर थाने के तहत शारदा कॉलोनी आझाद वार्ड, मरारटोली निवासी फिर्यादी अजितकुमार नेतराम पटले (43) परिवार के साथ ग्राम अदासी गया था. इसी बीच अज्ञात आरोपी ने उनके दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी से नकद 30 हजार व 17 हजार रु. कीमत के आभूषण सहित कुल 47 हजार रु. का माल चुरा लिया. फिर्यादी की शिकायत पर रामनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार छत्रपाल फुलबांधे कर रहे हैं.

# जिला परिषद व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनी में ध्वजारोहण

**बुलंद गोंदिया**

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर गोंदिया जिला परिषद में जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रहांगडाले के हस्ते ध्वजारोहण किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनी में ध्वजारोहण कर जिला परिषद शाला हिरडामाली के छात्र-छात्राओं को कॉपी का वितरण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।



# डीआरएम को डेली रेलवे मूवर्स एसोसिएसन ने रेलवे मार्केट का सौपा नया डिजाइन



**बुलंद गोंदिया**। गोंदिया डेली रेलवे मूवर्स एसोसिएसन ड्रामा का प्रतिनिधि मंडल गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विभागीय रेलवे व्यवस्थापक श्रीमती नमिता त्रिपाठी से नागपुर डीआरएम मुख्यालय में मुलाकात कर उन्हें गोंदिया के आर्किटेक्ट शिशिर (सोनू) अग्रवाल द्वारा बनाई गई रेलवे मार्केट में सुधार की नई ड्राइंग सोपी गई तथा इस मुलाकात के दौरान परिसर की रेलवे सुविधा हेतु मुख्य सुझाव दिए गए। जिसमें रेलवे द्वारा दक्षिण द्वार पर 15 वर्षों पूर्व एचएफसी मल्टी कंपलेक्स बनाया गया था किंतु यह दुकान अब तक किराए से नहीं गई तथा रेलवे की संपत्ति बर्बाद हो रही है जिसके लिए एक सुझाव के माध्यम से निवेदन दिया गया कि इसमें सुधार कर पूरा मार्केट का उपयोग हो सकता है। साथ ही गोंदिया के होम प्लेटफार्म क्रमांक 1 से महाराष्ट्र एक्सप्रेस विदर्भ एक्सप्रेस का परिचालन किया जाए जिससे यात्रियों को सुविधा प्राप्त हो सके, हावड़ा मुंबई दुरंतो को गोंदिया में स्टॉपेज दिया जाए, शिवनाथ एक्सप्रेस को इतवारी के बजाय नागपुर से परिचालन किया जाए, गोंदिया ,तिरोडा ,तुमसर रोड, भंडारा रोड, सौदड,अर्जुनी मोरगांव,वडसा ,चंदा फोर्ट आदि स्टेशनों पर अनेक यात्री ट्रेन नहीं रुकती उनके स्टॉपेज दिए जाएं,जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्टेशनों में अनेक यात्री गाड़ियों को प्रायोगिक स्तर पर स्टॉपेज दिए गए इस स्तर पर नागपुर डिवीजन में भी यात्री गाड़ियों को स्टॉपेज दिया जाए। उड़ीसा, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश से कई ट्रेन दुर्ग स्टेशन पर समाप्त हो जाती है उनका गोंदिया तक विस्तार किया जाए तथा प्रस्तावित दुर्ग विशाखापट्टनम दुर्गा वंदे भारत ट्रेन को नागपुर डिवीजन में गोंदिया इतवारी तक चलने का प्रस्ताव दिया। इसके साथ ही रेलवे से संबंधित सुझाव दिए गए इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल मेंहबुब हिरानी वह विष्णु शर्मा उपस्थित थे।

# पोदार इंटरनेशनल स्कूल में किया गया ध्वजारोहण



**बुलंद गोंदिया** ।15 अगस्त को पोदार इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में श्रीमती सविता बेदरकर प्राचार्य महेंद्र जगदाले प्राचार्य सुमन खंडेलवाल तथा व्यवस्थापन अधिकारी रवि जायसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया गया इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा परेड वह मार्च पास्ट कर कार्यक्रम में शोभा बढ़ाई इसके पश्चात कृतिका भलमे, जयश्री शिवनकर, सुमन खंडेलवाल, सपना दमाहे, आनंद गाडेकर, नवमी स्टीफन, कपिल परमार को विद्यालय में पांच व दस वर्ष पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाषण गीत आदि की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा दी गई। प्राचार्य महेंद्र जगदाले ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया तथा प्रमुख अतिथि द्वारा छात्रों को अनेक बनने व देश की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर रहने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन कक्ष 9वी की छात्रा कुमारी बोपचे और कुमारी साक्षी वरवड़े ने किया तथा आभार प्रदर्शन रीता गोडबोल तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी शिक्षकवृंद एवं शिक्षाकेत्तर कर्मचारियों द्वारा योगदान दिया गया।

# हर मन के मीत, शिक्षा महर्षी स्व. मनोहरभाई पटेल की पुण्यतिथी पर श्रद्धासुमन अर्पित



**बुलंद गोंदिया** । हर मन के मीत, शिक्षा महर्षी भंडारा - गोंदिया जिले के स्वनाम धन्य नेता स्व. मनोहरभाई पटेल (बाबूजी) की पुण्यतिथी के अवसर पर गोंदिया शिक्षण संस्था के सचिव, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन व संस्था के संचालक निखिल जैन ने उनके चरणो में आदरांजली व श्रद्धासुमन अर्पित किये ।

# मशरुम के पैसे मांगने पर पीटा

**गोंदिया** -रामनगर थाने के तहत मरारटोली के रेलवे गेट के पास मशरुम के पैसे मांगने पर दो लोगों ने शास्त्री वार्ड निवासी दूकानदार विक्की सोनवने (33) से मारपीट की. मरारटोली निवासी आरोपी शुभम पशीने (34) व उसके मित्र द्वारा दो किलो मशरुम लेकर पैसे न देने पर विक्की ने उनसे पैसे की मांग की. इस पर दोनों ने उसे पीट दिया.

# कर्तव्य के साथ सामाजिक प्रतिबद्धता निभाने वाले पत्रकारों का कार्य सराहनीय सांसद प्रफुल्ल पटेल

## श्रमिक पत्रकार संघ का तिलक गौरव व मेधावी छात्र छात्र पुरस्कार संपन्न



**बुलंद गोंदिया**। श्रमिक पत्रकार संघ का तिलक गौरव पुरस्कार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर संपन्न हुआ इस अवसर पर संसद प्रफुल्ल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक पत्रकार संगत 15 वर्षों से अपने कर्तव्यों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों को भी अंजाम दे रहे हैं। जिसमें उत्कृष्ट पत्रकार गुणवंत मेधावी विद्यार्थी तथा सामाजिक संस्थाओं को प्रतिवर्ष सत्कार किया जा रहा है यह कार्य सराहनीय है तथा मेरी ओर से इन पुरस्कार प्राप्त पत्रकार व मेधावी विद्यार्थियों तथा सामाजिक संस्थाओं व सभी को शुभकामना देता हूं। गौरतलब है की श्रमिक पत्रकार संघ का तिलक गौरव पुरस्कार 15 अगस्त को गोंदिया राइस मिलर संगठन के सभागृह में दोपहर को संपन्न हुआ इस अवसर पर मंच पर प्रमुख रूप से सांसद प्रफुल्ल पटेल के साथ जीप अध्यक्ष पंकज रंहागडाले ,विधायक विनोद अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन,समाज कल्याण सभापति पूजा सेठ सभापति संजय टेभरे ,रविकांत बोपचे, भावना कदम, पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते तथा पत्रकार संघ के अध्यक्ष अल्ताफ शेख उपस्थित थे। प्रफुल्ल पटेल ने आगे कहा कि पत्रकार संघ के इस कार्यक्रम में मंच पर गोंदिया जिले के भावी वह इच्छुक विधायक बैठे हुए हैं किंतु आगामी विधानसभा चुनाव में जिन्हें मेरा आशीर्वाद प्राप्त होगा वही विधायक बनेगा ऐसी टिप्पणी कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों की चुटकी लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रारंभ में पत्रकार संजीव बापट द्वारा गणेश वंदना की गई इसके पश्चात दीप प्रज्वल वह लोकमान्य तिलक की प्रतिमा को पुष्प माला अर्पित किया गया तथा प्रतिवर्ष अनुसार लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक गौरव पुरस्कार मोहन पवार तथा सहयोग मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार दसवीं की रिया गेडाम, आंचल पुस्तोड़े, ऋषिकेश चिखलोंडे, अनुष्का राऊत तथा 12वीं के जिले में प्रथम स्थान आने वाली पलक शर्मा, विधि अग्रवाल ,आदेश देशमुख, ध्वनील पटेल, अभिषेक अग्रवाल इन मेधावी छात्रों का सांसद प्रफुल्ल पटेल के हस्ते स्मृति चिन्ह वह प्रशस्ति पत्र देकर सत्कार किया गया। इसके साथ ही चिकित्सालय में निशुल्क भोजन दान करने वाली खालसा सेवा दल तथा पर्यावरण का संरक्षण करने वाली वृक्षधरा फाउंडेशन को भी पुरस्कार दे सम्मानित किया गया। साथ ही मनोहर भाई पटेल संपादकीय पुरस्कार बबलू महारवाडे,वृतवाहिनी पुरस्कार राकेश रामटेक, विकास वार्ता पुरस्कार महेंद्र गजभिए, शोध वार्ता पुरस्कार रविंद्र तुरकर तथा उत्कृष्ट छायाचित्र पुरस्कार डॉ शरद मेश्राम को प्रदान किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रंहागडाले ने कहा कि गोंदिया जिले के पत्रकार अपनी सामाजिक भूमिका जिम्मेदारी से निभा रहे हैं तथा समाज के मेधावी विद्यार्थियों व सामाजिक संस्था ऑन का सत्कार करना यह मेरे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में पत्रकार संघ के अध्यक्ष अल्ताफ शेख द्वारा उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सत्कार किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव संजय राऊत व शाल कृपाले ने किया तथा आभार प्रदर्शन हरीश मोटघरे ने किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए संयोजक रवि सपाटे, महेंद्र बिसेन, नवीन अग्रवाल, दिलीप पारधी, बाबा भाई सुरेश येडे, मोहन पवार ,सावन डोये , महेंद्र माने ,मुनेश्वर कुकडे, देवेंद्र रहांगडाले ,नवीन दहिकर, अमित गुप्ता आदि ने प्रयास किया।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।